हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

12 तीन अधिकारियों पर गिरी गाज दो सस्पेंड और एक लाइनहाजिर



12 योग से कई बीमारियों से निजात



## खबर संक्षेप

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दाखिले शुरू

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले वर्ष जनवरी सत्र के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन लर्निंग कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी तक इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। कौशल आधारित एवं ज्ञान आधारित शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए इग्नू एक उत्कृष्ट विकल्प है। विवि का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान का संवर्धन कर उन्हें समान अवसर प्रदान करना है।

### लूट के आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

**पानीपत।** पानीपत की ड्रेन नंबर दो पर गांव कुराड़ निवासी प्रदीप शर्मा पुत्र भैया राम के साथ सात नवंबर को बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल फोन सैट, नगदी व बैग छीन लिया था। वहीं प्रदीप की शिकायत पर थाना सनौली पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया था, लेकिन अभी तक लूट के आरोपियों को नहीं पकड पाई।

### बाइक सवार युवक की मौत, भाई घायल

**यमुनानगर।** शहर के जोड़िया गुरुद्वारे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिटी सेंटर रोड निवासी मृतक की बहन मुस्कान ने फर्कपुर थाना पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके भाई 23 वर्षीय हर्ष की 15 दिसंबर को बुआ के लड़के संदीप निवासी अंबाला कैंट से फोन पर बात हुई। संदीप बाइक पर जगाधरी आया और दोनों ने बुड़िया चौक के पास शराब पी। इसके बाद वे हरिद्वार जाने की योजना बनाकर निकले, लेकिन सहारनपुर पहुंचकर प्लान बदल दिया और वापस यमुनानगर लौटे। जब वह गांव दामला स्थित बाईपास हाईवे से उतरकर शहर की तरफ आ रहे थे तो जोड़ियां नाके के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे हर्ष उछलकर सड़क पर गिर गया। तभी किसी अज्ञात वाहन का पहिया उसके सिर पर से गुजर गया।

### नागरिक अस्पताल में नवजात शिशु की मौत

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में नवजात शिशु की हुई मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई। नसीरपुरकी 30 वर्षीय कोमल का आरोप है कि दो दिन तक अस्पताल स्टाफ ने उनकी नवजात शिशु बेटी का ध्यान नहीं रखा। उनकी लापरवाही के कारण बेटी ने दम तोड़ दिया। अस्पताल स्टाफ ने तर्क दिया कि शिशु ने पेट में पोटी कर दी थी जो फेफड़ों में चले जाने के कारण बिगड़ी हालत गई। इस दौरान महिला को चंडीगढ़ भी रेफर किया गया था। हालांकि अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मामले की जांच शुरू कर दी गई।

# मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी एवं ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर सरकार पर बरसे बिजली कर्मचारी

## कुरुक्षेत्र में काली पट्टी बांधकर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

प्रदेशभर के कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और अपनी नाराजगी जतानी भी शुरू कर दी है। कहीं मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है तो कहीं ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिस का विरोध किया जा रहा है। बुधवार को कुरूक्षेत्र में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। वहीं करनाल, पानीपत, समालखा और मुलाना में बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन तबादला नीति को लेकर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया।

कुरूक्षेत्र में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने हरियाणा के आह्वान पर जिला कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में विशेष टीकाकरण सप्ताह को जिला कार्यकारिणी कुरूक्षेत्र ने काले रंग की पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। यह कदम सरकार द्वारा कर्मचारी संगठन की मांगो को ना पूरा करने की एवज में उठाया गया। जिला प्रधान सतीश कुमार ने बताया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर लगातार पांचवें बुधवार को टीकाकरण वाले दिन सभी कर्मचारियों ने काले बिल्ले पहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। जब तक कर्मचारियों की जायज मांगे नहीं मानी जाती तब तक सरकार को विरोध दर्ज कराते रहेंगे। जनवरी महीने में महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के ऑफिस के बाहर एक दिन भूख हड़ताल करके ज्ञापन दिया जाएगा। अगर सरकार ने बात नहीं मानी तो हड़ताल को लेकर फैसला लिया जाएगा



**कुरूक्षेत्र।** काली पट्टी बांध रोष जताते स्वास्थ्य कर्मचारी।

■ महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के ऑफिस के बाहर एक दिन भूख हड़ताल करके ज्ञापन दिया जाएगा

## पानीपत में प्रदर्शन

**पानीपत।** उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले केन्द्रीय कार्यकारिणी के आदेश पर थर्मल पावर प्लांट के मुख्य गेट पर कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में रोष प्रकट कर सरकार विरोधी नारे लगाए।

*हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले की नारेबाजी*

### इन्होंने लिया भाग

प्रदर्शन में महासंघ के नेता धर्मेंद्र मलिक, अशोक नागर, कृष्ण मलिक, दर्शन लाल, सुनील सैनी, राजेंद्र लाठर, नवीन यादव, कुलदीप सैनी, श्रवण कुमार, संजय शर्मा, राकेश जाखड़, बलराज हुडा, जयबीर मान, कृष्ण रावल, चन्द्रपाल चाबरिया, सुरेंद्र छिल्लर, सुखबीर लडवाल, देवेंद्र बजाज, सुरेश खटखड़, अंकित मदान व सुनील डबास आदि ने भाग लिया।

## मुलाना में कर्मचारियों ने दो घंटे किया प्रदर्शन

■ राज्य सरकार से तुगलकी फरमान को तुरंत वापिस लेने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर अंबाला कैंट यूनिट के अंतर्गत आने वाली डिविज़न मे कर्मचारियों द्वारा ऑनलइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध मे 2 घंटे का धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता पूर्व सर्किल सेक्टरी राजकुमार सैहला की। मंच का विधि वत रूप से संचालन सब यूनिट केसरी के प्रधान प्रेमपाल ने किया इसके साथ डिविज़न में केंद्रीय परिसद के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में राजकुमार सैहला ने कर्मचारिओं को ऑनलाइन पॉलिसी की त्रुटियों के बारे मे बताया। इसके साथ ही राजकुमार ने सभी कर्मचारियों को कल भी यूनिट स्तर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन मे आने के लिए सभी कर्मचारीयों को भी प्रेरित किया!इस विरोध प्रदर्शन मे विशेष रूप से मौजूदा अंबाला सर्किल सचिव सतबीर देसवाल भी मौजूद रहे। सतबीर देसवाल ने बताया की अगर सरकार व निगम मैनेजमेंट ने अपने तुगलकी फरमान वापिस नहीं लिए तो कर्मचारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने पर मजबूर होंगे। अगर इसके बाद कोई सामाजिक अशांति या कोई भी निगम का नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन व प्रशासन की होगी। मौके पर उप प्रधान मुकेश, संगठनकर्ता सुशील सिंगला, सब यूनिट प्रधान दीपक शर्मा, सब यूनिट सचिव गोबिंद,सब यूनिट प्रधान इंडस्ट्रियल एरिया नवीन कुमार, सचिव सुभाष आदि मौजूद रहे।

## सरकार की नीतियां कर्मचारी विरोधी



**समालखा।** उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम सब डिवीजन कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया गया। वहीं आंदोलन में बडी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने रोष प्रकट कर सरकार विरोधी नारे लगाए। इधर, आंदोलनकारी कर्मचारियों को मनदीप आर्य, विक्रम रावल, राधा कृष्ण, महावीर शर्मा, सुरेंद्र ढुहन ने संबोधित करते हुए कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी है और कर्मचारी इस पॉलिसी का विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की अधिकतर नीतियां कर्मचारी विरोधी है। वहीं, सब यूनिट प्रधान मनदीप आर्य ने चेतावनी दी कि यदि यूनियन की मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इधर, आंदोलन में बडी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने भाग लिया।

## करनाल में दो दिन और आंदोलन जारी रखने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनर तले बिजली कर्मचारियों ने राजीव गांधी विद्युत सदर, सेक्टर-12 करनाल में गेट मीटिंग कर जोरदार नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट नंबर-दो के प्रधान विनोद जिंदल ने की, जबकि संचालन सिटी यूनिट के सचिव दीवान चंद ने किया।

कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि 18 और 19 दिसंबर को भी दो-दो घंटे की गेट मीटिंग आयोजित की जाएगी तथा इसके बाद मांगों का ज्ञापन कार्यकारी अभियंता को एसीएस पावर के नाम सौंपा जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए विनोद जिंदल और दीवान चंद ने कहा कि बिजली विभाग का कार्य अत्यंत जोखिम भरा होता है। बार-बार तबादले होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि नए क्षेत्र में लाइन, नेटवर्क और स्थानीय परिस्थितियों की पूरी जानकारी न होने से कर्मचारियों की जान खतरे में पड़ जाती है। विभाग में लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना कर्मचारी सुरक्षा के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने सरकार से इस पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग दोहराई।

गेट मीटिंग में देवेंद्र शर्मा, राज कुमार, संदीप मलिक, उपेंद्र यादव, नवीन, राम गोपाल, अमी सिंह राणा, अरविंद, सुरेश ढांडा, राकेश खन्ना, सुमित सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



## जागरुकता शिविर में लोगों ने बाल विवाह नहीं करवाने की शपथ ली

■ शिविर में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में हरियाणा रोडवेज करनाल की वर्कशॉप में रोडवेज स्टाफ और विद्यार्थियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता मोनिका शर्मा ने बाल विवाह की रोकथाम, कानूनी प्रक्रिया और सूचना देने के तरीकों की जानकारी दी तथा सभी से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करवाने की शपथ ली। इसके साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर भी जानकारी दी गई।



रोडवेज वर्कशॉप में आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लेते प्रतिभागी।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का आरोप, पांच पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** धौलरा में खेती की जमीन पर अवैध कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार करके हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने धौलरा निवासी राजकुमार की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। धौलरा निवासी राजकुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि धौलरा में रुक्मणी और विद्यावती के नाम दर्ज खेती की जमीन थी। दोनों महिलाओं की मौत के बाद देहरादून के मंसूरी निवासी अजय कुमार ने खुद को उनका भतीजा बताकर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। रादौर थाना पुलिस ने आरोपी अजय कुमार, बलबीर सिंह, एक अन्य अजय कुमार, जगमोहन सिंह और राजेंद्र कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

■ आरोपी ने खुद को उनका भतीजा बताकर दस्तावेज तैयार करवाए

## अमेरिका भेजने के नाम पर 13.62 लाख की ठगी, तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाला

अमेरिका भेजने के नाम पर बलाना के परमजीत सिंह से 13 लाख 62 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी हो गई। अंबाला शहर सेक्टर-9 थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता परमजीत सिंह की शिकायत पर मनदीप सिंह, अशोक कुमार उर्फ बिंद्र व दारा सिंह पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परमजीत ने बताया कि इस मामले में पहले शिकायत 9 सितंबर को पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई थी। उस समय आरोप था कि बकनौर गांव के मनदीप सिंह, अशोक कुमार उर्फ बिंद्र व धुराला गांव के दारा सिंह संसरवाल ने उसे एक नंबर में अमेरिका भेजने का झांसा देकर 13 लाख 62 हजार 500 रुपये हड़प लिए थे। जांच अधिकारी एएसआई सोमदत्त ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जल्द ही तीनों आरोपियों को काबू किया जाएगा।

■ तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया

## खेल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास को विकसित करने का सशक्त मंच: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सभी मेडल विजेता खिलाड़ी एवं नार्थ जोन पुरुष वॉलीबॉल चैम्पियन तथा महिला वॉलीबॉल टीम के उपविजेता खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट खिलाड़ियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही, जहाँ कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लकुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सदैव अपने खिलाड़ियों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और भविष्य में भी उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास को विकसित करने का सशक्त साधन हैं। खेल निदेशक प्रो. डी.एस.राणा ने कहा कि इस वर्ष आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुवि की सहभागिता अत्यंत सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक रही। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाड़ियोंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक (3 स्वर्ण, 7 रजत एवं 7 कांस्य) अर्जित किए।



## हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स में करनाल के दंपति ने किया सराहनीय प्रदर्शन

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित 34वीं हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में करनाल के राजेश खन्ना और दीपा खन्ना ने 50 प्लस आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा भर से करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया।भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त अनुभवी एथलीट राजेश खन्ना ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। वे पूर्व में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। वहीं सेंट थेरसा कॉन्वेंट स्कूल, करनाल में शिक्षिका दीपा खन्ना ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 200 मीटर और 100 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किए। पति-पत्नी द्वारा एक ही प्रतियोगिता में पदक जीतना खेल जगत के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है।





### खाद को लेकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

## फैक्ट्री के अंदर खड़ी गाड़ी से पकड़े खाद के 27 बैग





■ विभाग की टीम ने यूरिया खाद के नमूने लेकर जांच के लिए भेज


हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

प्लाइवुड फैक्ट्री में सप्लाई हो रहे कृषि योग्य यूरिया खाद को लेकर कृषि एवं कल्याण विभाग की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। टीम ने बूड़िया गैस एजेंसी के नजदीक से प्लाईवुड फैक्ट्री में खड़ी टाटा एस गाड़ी से यूरिया खाद के 27 बैग बरामद किए हैं। विभाग की टीम ने यूरिया खाद के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ. आदित्य प्रताप ने बताया कि अवैध खाद के खिलाफ विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में दूसरे दिन भी छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि क्वालिटी कंट्रोल इंस्पेक्टर डॉ. बालमुकुंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जो अवैध रूप से कृषि उपयोग की खाद की आवाजाही और भंडारण पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि आज तड़के पौने पांच बजे उन्हें थाना बूडिया में तैनात एसआई जसविंदर सिंह द्वारा सूचना दी गई थी कि टाटा एस गाड़ी में यूरिया खाद भरकर बूडिया गैस एजेंसी के पास से प्लाईवुड फैक्ट्री की तरफ ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही कृषि विभाग की टीम जिसमें क्वालिटी कंट्रोल इंस्पेक्टर डॉ. बालमुकुंद, बीसीआई यमुनानगर तथा एसडीएओ जगाधरी सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे, सभी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम ने देखा कि संबंधित गाड़ी एसएस वुड प्रोडक्ट के गेट के अंदर खड़ी थी। जांच के दौरान गाड़ी से 27 बैग कृषि योग्य यूरिया खाद बरामद की गई। टीम ने मौके पर यूरिया खाद के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए। इसके बाद गाड़ी को बूडिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## गीता विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में भाग लेकर लौटे 27 सदस्यीय भारत स्काउट एवं गाईड दल को एस.एम.बी. गीता स्कूल, कुरूक्षेत्र में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। इस दल ने जंबूरी में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया। इस दल का नेतृत्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त देशराज ने किया, जबकि मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं गाईड विनोद कौशिक का रहा। जंबूरी में एस.एम.बी. गीता स्कूल, कुरूक्षेत्र से 8 स्काउट एवं स्काउट मास्टर महावीर वत्स, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संयोसर से 8 स्काउट व 4 गाईड तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त देशराज, तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना से 4 गाईड एवं गाईड कैप्टन श्रीमती रेणुका ने भाग लिया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागी स्काउट-गाईड्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।



## खबर संक्षेप

### विज्ञान प्रश्नावली में करनाल टीम द्वितीय

**करनाल।** राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हरियाणा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता में करनाल जिले की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। करनाल जिले की टीम में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 के विद्यार्थी सिमरन, कर्मण्या सांगवान और कुशल वर्मा शामिल रहे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में उपायुक्त कुरुक्षेत्र तथा वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा पंचकूला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### टीबी से बचाव की दी विस्तार से जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। बह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर सहित लेबर चौक पर श्रमिकों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों, साधुओं और आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में भी टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने निर्देशन टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई।

### डीएलएसए ने पैनोरमा में लगाया हेल्प डेस्क

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा मिशन एवं बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत पैनोरमा में एक हेल्प डेस्क लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस हेल्प डेस्क के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर द्वारा आम जनता को नशा मुक्ति एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### एक दिन में तहसीलों में 76 इंतकाल किए

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के कार्य को शुरू किया है। इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के इंतकाल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। कुरुक्षेत्र की तहसीलों और उप तहसीलों में एक दिन में 76 इंतकाल किए गए है। कुरुक्षेत्र की तहसीलों में पेपर लैस रजिस्ट्रेशन के कार्य को किया जा रहा है। जिन लोगों ने पेपर लैस रजिस्ट्रेशन प्रणाली के माध्यम से अपनी रजिस्ट्री करवाई है। इस प्रणाली के माध्यम से राजस्व विभाग की तरफ से बुधवार को एक दिन में तहसीलों में कुल 76 इंतकाल किए गए है। जिसमें इस्माइलाबाद में 6, लाडवा में 6, शाहबाद में 5, थानेसर में 21, बाबैन में 4 और पिहोवा में 34 इंतकाल किए गए है।

# पंचायत व्यवस्था में आई डिजिटल पोर्टलों से पारदर्शिता : डॉ. चौहान

**पोर्टलों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम**

*बोले, अब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक बटन दबाते ही किसान सम्मान निधि की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच जाती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी



करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में पोर्टल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

आज देश में शासन-प्रशासन की व्यवस्था पारदर्शी एवं तकनीक आधारित हो चुकी है। अब प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक बटन दबाते ही किसान सम्मान निधि की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंच जाती है। अब स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल की तरह सौ में से 85 रुपये भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ते। बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है।

यह विचार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किए। वे संस्थान में चल रहे विभिन्न पोर्टलों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड स्तर पर तकनीकी सहयोग प्रदान करने वाले जिला परियोजना प्रबंधक, सहायक जिला परियोजना प्रबंधक एवं ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक ग्रामीण विकास विभाग की प्रतिनिधि मीनू रेढू रहीं। मीनू रेढू ने मुख्य अतिथि डॉ. चौहान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा कार्यक्रम में पधारने पर उनका आभार व्यक्त किया। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी पर जोर देते हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से एक वित्तीय क्रांति आई है, जिससे लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा है और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हुई है। यह व्यवस्था सुशासन की दिशा में सशक्त कदम है।

#### ईमानदारी के साथ कार्य करें

*डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि इन पोर्टलों के लागू होने से व्यवस्था में व्यापक पारदर्शिता आई है और जो लोग पहले गलत तरीके से कार्य करते थे, उन पर अब प्रभावी पाबंदी लगी है। आज हम एक ऐसे लोकतंत्र की ओर अग्रसर हैं, जहाँ पारदर्शिता और जवाबदेही शासन व्यवस्था का मूल आधार बन रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पोर्टलों का सही और प्रभावी उपयोग वही कर सकता है, जो मन और दिल से ईमानदारी के साथ कार्य करे। डॉ. चौहान ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी यह कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे लागू करने वाले लोग सही नहीं होंगे तो वह निर्जीव बनकर रह जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सकारात्मक सोच, जीवंतता और समर्पण भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।*

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्य संदीप भारद्वाज, डॉ सुशील मेहता, कमलदीप सांगवान, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के विशेषज्ञ गुरबिंदर सिंह, ग्रामीण विकास विभाग से हिमांशु, सौरभ अरोड़ा आदि उपस्थित रहे ।

### तरावड़ी में 30 को निकलेगी भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा

**तरावड़ी।** श्री खाटू श्याम सेवा मंडल, नथा सिंह नगर, तरावड़ी की ओर से आगामी 30 दिसंबर मंगलवार को बाबा खाटू श्याम की कृपा से एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सेवा मंडल के सदस्यों ने बताया कि निशान यात्रा का शुभारंभ सायं 3:00 बजे नगर खेड़े से किया जाएगा, जो मुख्य बाजार से होती हुई खाटू धाम, तरावड़ी पहुंचेगी।

यात्रा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियां, बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार और विशाल शोभा यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। निशान यात्रा के खाटू धाम पहुंचने के बाद सायं 6:00 बजे से प्रभु की इच्छा तक भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। इसके पश्चात सायं 7:30 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सेवा मंडल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा श्याम का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया रक्तदान शिविर




करनाल। रेडक्रॉस कार्यालय में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक।

- उपायुक्त के मार्गदर्शन में निजी संस्थान के सहयोग से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को रक्त की कमी न हो, इसके लिए रेडक्रॉस निरंतर रक्तदान शिविर आयोजित करता रहता है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में रेडक्रॉस कार्यालय में एक निजी संस्थान के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 30 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रेडक्रॉस कार्यालय से प्रवीण सिंगला ने 12वीं बार रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।

कुलबीर मलिक ने कहा कि जिले की सामाजिक संस्थाओं का समय-समय पर सहयोग मिलने से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस करनाल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर चिंता जताई

**नीलोखेड़ी।** हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व करनाल कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष कांग्रेस नेता डॉ. राजेश वैद्य वाल्मीकि ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर चिंता जताई है और बीजेपी सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से सांस संबंधित बीमारियाँ, हृदय रोग और कैंसर जैसी समस्याएं हो रही हैं, जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। बीजेपी सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने सिर्फ दिखावे के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं किया है। विकास के नाम पर लाखों पेड़ काट दिए जाने से वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है और सरकार झूठे आंकड़ों में उलझा कर गलत तस्वीर पेश कर रही है। प्रदूषण से हमारे शहरों की हवा जहरीली हो गई है। लोगों को साँस लेने में परेशानी हो रही है, और कई लोग बीमार हो रहे हैं। यह एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान बीजेपी सरकार को करना चाहिए। बीजेपी सरकार से प्रदूषण को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते हैं। हमें प्रदूषण को कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। वाल्मीकि ने कहा की दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 1000 के पार पहुंच गया है।

# अनियंत्रित होकर कार के ऊपर पलटी थार

- हादसे में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बस्ताडा टोल प्लाजा के समीप बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में एक थार गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार के ऊपर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पानीपत से करनाल की ओर जा रही एक थार गाड़ी जीटी रोड के बीचो-बीच पहुंची ही थी कि तभी सड़क पार कर रही एक महिला अचानक सामने आ गई। महिला को बचाने के प्रयास में थार चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित थार डिवाइडर से टकराती हुई पलट गई और सड़क की दूसरी ओर सामने से आ रही एक कार के ऊपर जा गिरी। हादसे में सड़क पार कर रही महिला और कार में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू करने का कार्य शुरू किया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

मधुबन थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि नीलकंठ ढाबे के पास वाहन का संतुलन बिगड़ने के कारण दो वाहनों की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक महिला और एक पुरुष घायल हुए हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

*मिलेगी डिजिटल पहचान*

# डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्री-स्टैक लागू करने की प्रक्रिया तेज



करनाल। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन को लेकर आयोजित प्रशिक्षण बैठक में प्रतिभागी।

**करनाल।** जिले में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन 2024 को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। उपायुक्त के निर्देशानुसार भारत सरकार के विजन के अनुरूप एग्री-स्टैक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को जमीन पर उतारने के लिए प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई।

इस मिशन का उद्देश्य प्रत्येक किसान के लिए प्रमाणित और डायनामिक डिजिटल पहचान तैयार करना, गांवों की सीमाओं का डिजिटल मानचित्रण करना तथा बोई गई फसलों का सटीक और रियल-टाइम रिकॉर्ड तैयार करना है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह इस परियोजना के जिला नोडल अधिकारी हैं। हरियाणा में इसे रबी 2026 सीजन से चरणबद्ध तरीके से सभी तहसीलों में लागू किया जाएगा। इसके लिए तहसील और गांव स्तर पर कैंप लगाकर किसान रजिस्ट्री का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। एग्री-स्टैक लागू होने से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, ऋण सुविधा और न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसी योजनाओं का लाभ सीधे डीबीटी के माध्यम से मिलेगा। किसानों से अपील की गई है कि वे गांवों में लगने वाले कैंपों में पंजीकरण अवश्य कराएं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में पहले स्थान के लिए निगम ने कसी कमर

- अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक

**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम करनाल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने सफाई शाखा एवं सुगम स्वच्छता एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में किसी भी स्थान पर कचरे का ढेर नहीं मिलना चाहिए। सभी जोन प्रभारी एक सप्ताह बाद अपने-अपने क्षेत्रों की स्वच्छता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई को लेकर जल्द ही औचक निरीक्षण शुरू किए जाएंगे। यदि किसी जोन में गंदगी पाई जाती है तो संबंधित जोन प्रभारी और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने नगर निगम की मोटिवेटर टीम और सुगम स्वच्छता एजेंसी को आईईसी गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि शहरवासियों को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाए जाएं।

## किसानों तक योजनाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर मंथन

**करनाल।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनय संधू गगसीना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विनय संधू गगसीना ने जानकारी दी कि चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा किसान मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, किसान मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रेनू बाबा तथा प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सरकारी योजनाओं को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी नेताओं ने किसानों के हित में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## न्यूज डायरी

### तरावड़ी में मरणोपरांत नेत्रदान किए



तरावड़ी। नेत्र बैंक के सदस्य परिवार के लोगों को स्मृति चिन्ह देते हुए।

**तरावड़ी।** जीते जी रक्तदान मरणो उपरांत नेत्रदान कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही हैं मरणो उपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं। उनमें से एक नाम शीला देवी जिनके मरणोउपरांत उनके सुपुत्र पीके भारद्वाज अपनी माता के नेत्रों का दान करवाया। आज शिव शक्ति सत्संग भवन में रस्म पगड़ी के अवसर पर परिवार को माधव नेत्र बैंक करनाल एवं शिव शक्ति संकीर्तन मंडल तरावड़ी की ओर से एक स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर नेत्र बैंक सदस्य हंसराज पाहुजा ने कहा कि नेत्रदान महादान माना गया है। हमे अपने आसपास मे नेत्रदान के लिये लोगों को जागरूक करना चाहिए। नेत्रदान से दो नेत्रहीन लोगों के जीवन मे उजाला होगा। परिवार का नेत्रदान करने पर धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के अलावा रजनीश भारद्वाज, अमन शर्मा, बालकृष्ण त्रिपाठी, वीरेंद्र बंसल, राजपाल जांगड़ा, पंडित देवी दयाल आदि मौजूद थे।

### घर से आभूषण चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नीलोखेड़ी।** जिला पुलिस करनाल की अपराध अन्वेषण शाखा-3, पुलिस चौकी नीलोखेड़ी तथा थाना बुटाना की संयुक्त टीमों द्वारा घर में घुसकर सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी... 1.पवन पुत्र अजमेर सिंह, 2. वंश चोपड़ा पुत्र राजकुमार चोपड़ा, 3.आकाश पुत्र महेंद्र सिंह,निवासी नीलोखेड़ी को काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा करीब 20 तोला सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। इस संबंध में डीएसपी महावीर सिंह नीलोखेड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता चंद्र मोहन पुत्र मनोहर लाल द्वारा दिनांक 16 दिसंबर 2025 को शिकायत दी गई थी कि शाम के समय जब वह अपने घर पहुंचा और ताला खोला तो बच्चों के कमरे की खिडकी बाहर से खुली हुई तथा अंदर से टूटी हुई पाई गई। घर के अंदर जांच करने पर लोहे की अलमारी में रखे सोने-डायमंड के आभूषण लगभग 20 तोला चोरी पाए गए। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। शिकायत के आधार पर थाना बुटाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त टीमों द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### नालियों के ओवरफ्लो होने से जनजीवन प्रभावित



तरावड़ी। वार्ड की गालियों मे फैला नालियों का गंदा पानी

**तरावड़ी।** शहर के एक वार्ड 3 में बीते कुछ दिनों से नालियों के ओवरफ्लो होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। नालियों का गंदा पानी सडक़ों पर बहने लगा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध और कीचड़ के कारण क्षेत्र में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं की गई, जिससे सडक़ पर आए दिन हल्की जलभराव की स्थिति बन गई। कई गलियों में गंदा पानी घरों के सामने तक पहुंच गया है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढने और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदे पानी के कारण सडक़ें फिसलन भरी हो गई हैं और दोपहिया वाहन चालकों के गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इस संबंध में नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि नालियों की सफाई के लिए जल्द ही टीम भेजी जाएगी और समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोग प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि वार्ड के लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों का किया निरीक्षण

# विधायक ने शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया

- विधायक रामकुमार ने छात्रों को किया उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों में बच्चों से बातचीत करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भादसों का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं व आधारभूत संरचना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को बुनियाद व सुपर 100 योजना के बारे में जानकारी दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। विधायक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और गरीब व मेधावी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है और आधुनिक तकनीकों का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुपर 100 योजना के माध्यम से सरकारी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों को आईआईटी और एनईईटी जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है, ताकि आर्थिक तंगी किसी की प्रतिभा के आड़े न आए। इसके साथ ही बुनियाद योजना के तहत कक्षा 8 वीं से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए करवाई जाती है,जो विद्यार्थियों के आधार को मजबूत बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों का आवाहन किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अवश्य लाभ उठाएं। आज के युग में कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। हरियाणा सरकार शिक्षा पर सबसे अधिक निवेश कर रही है ताकि हमारे ग्रामीण अंचल के बच्चे भी बड़े शहरों के बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें और ऊँचे पदों पर आसीन हो सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल स्कूल के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**नीलोखेड़ी।** डीएवी स्कूल नीलोखेड़ी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन एवं प्रबंधक डॉ. राकेश संधू के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्यगण, नगर पालिका चेयरपर्सन सनमीत कौर आहूजा, पवन सैनी, नगर पालिका नीलखेड़ी के सचिव गौरव सैनी लोकेश सरदाना, अशोक पुलाना, ब्रिता पाल बत्रा, नगर के विभिन्न वार्डों के पार्षद, लोकल मैनेजिंग कमेटी के सदस्य केवल कृष्ण कुकरेजा एवं हरविंदर शर्मा, तथा शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मनरेगा का नाम बदलने पर रोष

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह एक नया ग्रामीण रोजगार बिल लाने के कदम का कड़ा विरोध करती है। इस ऐतिहासिक कानून से महात्मा गांधी का नाम जान बूझकर हटाना सिर्फ एक प्रशासनिक बदलाव नहीं है बल्कि यह एक गहरा फांसीवादी वैचारिक कदम है जो गांधीजी के मूल्यों और विरासत के प्रति भाजपा की नफरत को दिखाता है। उपरोक्त बातें सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप व जिला सचिव पवन सैनी एडवोकेट ने कही।

### दलित छात्रों को मिलेगा लाभ

**पानीपत।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति (डीएनटी) के छात्रों हेतु पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना (पीएम यशस्वी घटक-2) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है।

### नेहरू व पटेल नगर में दें सुविधाएं

**पानीपत।** केसरिया हिंदुस्थान निर्माण संघ हरियाण प्रदेश के अध्यक्ष सुरेश नारंग ने कहा कि हरियाणा सरकार व जिला नगर निगम ने तहसील टाऊन में नेहरू नगर व पटेल नगर को टाऊन प्लानिंग में कर दिया है। जबकि जो सुविधा होती है वो दी नहीं है।

### टीबी से बचाव की जानकारी दी

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। बह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर सहित लेबर चौक पर श्रमिकों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों, साधुओं और आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में भी टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने निर्देशन टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई।

### एक दिन में तहसीलों में 76 इंतकाल किए

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के कार्य को शुरू किया है। इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के इंतकाल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र की तहसीलों और उप तहसीलों में एक दिन में 76 इंतकाल किए गए है। इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र की तहसीलों में पेपर लैस रजिस्ट्रेशन के कार्य को किया जा रहा है। जिन लोगों ने पेपर लैस रजिस्ट्रेशन प्रणाली के माध्यम से अपनी रजिस्ट्री करवाई है। राजस्व विभाग की तरफ से बुधवार को एक दिन में तहसीलों में कुल 76 इंतकाल किए गए है। इस्माइलाबाद में 6, लाडवा में 6, शाहबाद में 5, थानेसर में 21, बाबैन में 4 और पिहोवा में 34 इंतकाल किए गए है।

विधायक मनमोहन भड़ाना पूर्व सैनिकों के सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे

# सैन्य सम्मान और श्रद्धा से मनाया गया विजय दिवस

## भड़ाना ने निजी कोष से पांच लाख रुपये का अनुदान देने की पेशकश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पूर्व सैनिक उत्थान समिति, समालखा के पूर्व सैनिक हॉल में 54वां विजय दिवस पूरे सैन्य सम्मान व श्रद्धा के साथ मनाया गया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सुधीर रहे। वहीं, देर सांय विधायक मनमोहन भड़ाना भी पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। नगर परिषद सचिव मनीष शर्मा, अशोक कुच्छल चेयरमैन नगर परिषद भी उपस्थित रहे। इधर, उपस्थित सभी शहीदों के परिवारजनों को पूर्ण सैन्य प्रक्रिया से सम्मान दिया गया। सभी शहीदों के लिए प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया।

■ सभी शहीदों के लिए प्रशस्ति पत्र पढ़ा गया

शाम को पूर्व सैनिक हॉल-समालखा में विधायक मनमोहन भड़ाना के साथ अधिकारियों की पूरी टीम उपस्थित रही। भड़ाना ने पिछली मांगों की समीक्षा कर उन्होंने अपने निजी कोष से पांच लाख रुपये का अनुदान देने की पेशकश की और अपने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे तुरंत पूर्व सैनिक उत्थान समिति-समालखा के खाते में धनराशि स्थानांतरित करें। पीएसयू हॉल के ठीक पास भूतल पर समिति कार्यालय और एक स्टोर रूम के निर्माण के लिए 21 लाख रुपये से अधिक की हमारी लंबित मांगें भी मंजूर कर दी गईं। अतिथि कक्ष, स्नानघर, शौचालय और रसोई के निर्माण कार्य को भी मंजूरी दे दी गई है। भडाना ने पहले चरण में चार गांवों का चयन किया, जिनमें स्कूलों, सड़कों और स्वागत द्वारों जैसी संस्थाओं का नामकरण किया जाएगा। वहीं, शहीदों की स्मृति में इन गांवों के लिए काम तुरंत शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, समालखा में प्रस्तावित उद्यान, पार्क में से एक के सामने इंडिया गेट की तर्ज पर एक गेट का निर्माण किया जाएगा। जिसमें समालखा उपमंडल के सभी 15 शहीदों के नाम पूर्ण विवरण के साथ अंकित किए जाएंगे। यह पूर्व सैनिक उत्थान समिति-समालखा की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर समिति के प्रधान कैप्टन नरसिंह दास, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर, सचिव नफे सिंह, कोषाध्यक्ष राजपाल सिंह, केसी गाहल्याण आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** पूर्व सैनिक उत्थान समिति, समालखा के पदाधिकारी, विधायक मनमोहन भड़ाना को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए।



**पानीपत।** प्रयाग स्कूल में मेधावी विद्यार्थी, शहीदों के परिजनों के साथ। **फोटो : हरिभूमि**

# अमर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ प्रयाग स्कूल में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया

प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल गांव सिवाह में 1971 युद्ध में शहीद हुए अमर सैनिकों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिभावकों द्वारा प्रभावशाली मार्चपास्ट सलामी से किया गया। इसके पश्चात वीर सैनिकों को याद करते हुए गेस्ट ऑफ हॉनर वीर चक्र सम्मानित शहीद कैप्टन टेक चंद वीर चक्र सम्मानित, एलएमई आरएस निर्मल (नेवी), जीडीआर भालेराम ग्रेनेडियर रेजिमेंट 1971, एसईपी बलवान सिंह जाट रेजिमेंट 1971 को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और इन महान शहीदों की वीरांगनाओं व परिजनों को सम्मानित किया गया। वहीं, स्कूल के स्कूल के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा व डायरेक्टर अंजू गुप्ता ने कहा कि हमारे देश के लिए जिन महान शहीदों ने अपनी जान पर खेलकर हमारे देश व भारत माता की रक्षा की है, हम उनकी कुर्बानी को हमेशा याद रखेंगे जिससे हमारे बच्चों में भी देशभक्ति की भावना जागृत होगी और वे भी भविष्य में अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इसके साथ स्कूल में अभिभावकों के लिए 'फन फिएस्टा-पेरेंट्स एडिशन' का आयोजन कर कार्यक्रम को उत्साह और देशभक्ति की भावना से भर दिया। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और विजय दिवस की थीम से सजाया गया। इस अवसर प्रधानाचार्या ममता सचदेवा, उपप्रधानाचार्य अशोक कुमार, मुख्याध्यापिका अलका बत्रा आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों की सेवा करना पुण्य कार्य : मनमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा में विधायक मनमोहन भड़ाना के सौजन्य से दिव्यांग जनों के लिए कान की मशीन, गर्दन का पट्टा, घुटने की बेल्ट व व्हील चैयर, कमर की बेल्ट, डोगा, वॉकर, पोर्टेबल शौचालय, ट्राइ साइकिल के लिए कैंप लगाया गया। जिसमें 70 दिव्यांगों और सर्वाइकल के मरीजों को करीबन छह लाख रुपये का समान विधायक मनमोहन भड़ाना के सहयोग से मिनिस्ट्री आफ सोशल जस्टिस और अपॉइंटमेंट के द्वारा वितरण हुआ। वहीं गांव वासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना पुण्य कार्य है। इस अवसर पर सुमित ब्लाक समिति सदस्य सुरेंद्र गोटी गुर्जर, विक्रम, सोनू छौक्कर, अधिकारी प्रवीन लाम्बा की टीम द्वारा समान वितरण कराया गया।




**समालखा।** दिव्यांग जनों को सामान भेंट करते विधायक मनमोहन भडाना का स्टाफ।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर हरियाणा के सभी जिलों में 10 से 1 बजे तक उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके अपनी मांगों से संबंधित राज्यपाल के नाम तहसीलदार सौरभ को ज्ञापन दिया गया। जिला प्रधान शीशपाल मलिक व राज्य नेता प्रीतम रावल ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से मांग की है पेंशन संबंधी वित्त विधेयक को तुरंत वापस लिया जाए। रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के सभी लाभ पूर्व की भांति दिए जाएं। रिटायर्ड कर्मचारियों का सभी सरकारी व पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार हमारी इन मांगों की अनदेखी करेगी तो 22-23 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। उसमें बड़े आंदोलन करने की रूप रेखा तैयार की जाएगी। संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान ईश्वर शर्मा व जिला संगठन सचिव दिलावर राठी, ईश्वर सिंह, सीताराम, ईश्वर कोहाड़, कृष्ण रावल, जय भगवान सैनी, ओम प्रकाश, सुलतान देशवाल, मोहर सिंह रावल, मा.सुरेंद्र जागलान, सतबीर चालिया, सुनील, सुरेंद्र मलिक व राजपाल आदि ने भाग लिया।



**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए।

# मानवता पर कलंक है बाल विवाह : पायल

■ बाल विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह के सोनधामुनि सेंटर में इसराना और समालखा ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें लैंगिक भेदभाव, यौन शोषण, बाल विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया से सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि लैंगिक भेदभाव हमारे समाज की एक कड़वी सच्चाई है। जिस वजह से हरियाणा का लिंग अनुपात बेहद कम है। एक अनुमान के अनुसार देश में 18 साल से कम उम्र की 15 लाख से ज्यादा बलवधुएं हैं। आंगनबाड़ी विभाग से इसराना एवं समालखा की सीडीपीओ अंजू ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री द्वारा गत वर्ष 27 नवंबर को विज्ञान भवन दिल्ली से बाल विवाह मुक्त अभियान शुरू किया गया था। बाल विवाह मानवता पर कलंक है।जिसके तहत गांवों, शहरों, स्कूल, कालेजों में जागरूकता अभियान, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, मशाल जुलूस इत्यादि आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रीना, सुमन, सीनम, मंजू व संजू आदि मौजूद रही। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।



**पानीपत।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते हुए।

# पराली से भरी ट्राली पलटी

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था के पास जीटी रोड पर बुधवार की सुबह पराली से भरी एक ट्रॉली में अचानक आग लग गई। हालांकि, ट्रैक्टर ड्राइवर की सूझबूझ और सड़क पर कम यातायात के कारण बड़ा हादसा टल गया। वहीं ट्रॉली पूरी तरह जलकर राख हो गई। ड्राइवर ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रॉली को बलाना मोड़ से घुमाकर जंगल में एक गड्ढे में उतार दिया। ड्राइवर ट्रॉली को छोड़कर ट्रैक्टर लेकर सुरक्षित निकल गया। आग इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पूरी तरह जलकर खाक हो गई, उसमें केवल लोहे का ढांचा ही बचा।

## हादसे में घायल युवक की मौत

**पानीपत।** इसराना-समालखा रोड पर वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए गांव बांध निवासी 23 वर्षीय टिंकू शर्मा पुत्र जगबीर की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद टिंकू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हादसा करने वाले वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, टिंकू की मौत से उसके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**स्वाति शर्मा पुत्री श्री विजय निवासी मकान नम्बर 22, लेबर कालोनी, नजदीक श्री राम मंदिर, पानीपत।**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्वाति शर्मा पुत्री श्री विजय निवासी मकान नम्बर 22, लेबर कॉलोनी, नजदीक श्री राम मंदिर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि विजय पुत्र श्री शिव नाथ निवासी लेबर कालोनी, पानीपत की दिनांक 23-06-2025 को मृत्यु हो चुकी है । विजय कुमार मृत्यु बाद उनके के निम्नलिखित/उतराधिकारी है: 1-नीलम शर्मा, विधवा, 2- सागर शर्मा, पुत्र 3- स्वाति शर्मा पुत्री है। इनके इलावा मृतक विजय कुमार पुत्र श्री शिवनाथ के उपरलिखित के इलावा, अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोकत मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोकत तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनाक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

## सट्टेबाजी में दो पकड़े

**पानीपत।** कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने नई सब्जी मंडी के पास सट्टा खाईवाली कर रहे दो युवकों कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी निवासी सन्नी पुत्र अशोक व फैसल पुत्र रफीक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से सट्टा खाईवाली में प्रयुक्त तीन प्लेट व दाव पर लगी 3200 रुपये की नगदी बरामद की है। चौकी प्रभारी दिनेश ने बताया कि आरोपियों पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गेंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## शराब तस्कर पकड़ा

**समालखा।** हथवाला चौकी पुलिस ने गांव राक्सेहडा में अवैध शराब बेच रहे बलविंदर उर्फ बिल्लू पुत्र गुरदयाल को काबू किया। पुलिस ने मौके पर आरोपी के कब्जे से 29 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद की है। वहीं आरोपी पर थाना समालखा में एक्साईज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# इनरव्हील क्लब ने फिजियोथेरेपी बेड भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत सेंट्रल ने जन सेवा दल में रहने वाले बुजुर्गों के लिए फिजियोथेरेपी बेड डोनेट किया है। इस बेड के माध्यम से बुजुर्ग अपनी कमर और पैरों की मालिश कर सकेंगे। जिससे उन्हें दर्द से राहत मिलेगी। क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूजा गोयल ने कहा कि इससे उन लोगों को फायदा होगा जो उन्हें जानते भी नहीं हैं। क्लब की ओर से जन सेवा दल के चमन लाल गुलाटी का धन्यवाद किया गया, जिन्होंने क्लब को यह मौका दिया कि हम उन बुजुर्गों के लिए कुछ सेवा कर सकें जो इस दुनिया में अकेले हैं और जन सेवा दल में रहते हैं। वहीं जन सेवा दल के सचिव चमन गुलाटी ने इनर व्हील क्लब पानीपत सेंट्रल की पूरी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर यह क्लब बुजुर्गों को जो भी जरूरत का समान होता है यह आवश्यकता अनुसार देते रहते हैं। इस अवसर पर क्लब की प्रधान पूजा गोयल, सचिव रिति गर्ग, ट्रेजरर अंजू गेरा, मोनिका गर्ग, अनिशा मक्कड़, नीति जैन, नीलू मिड्ढा, चमन लाल गुलाटी, कमल गुलाटी व सुभाष ढींगरा आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत सेंट्रल की पदाधिकारी जन सेवा दल को बैड भेंट करते हुए।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**अक्ष गर्ग पुत्र स्व. श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कालोनी पानीपत।**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तयार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि अक्ष गर्ग पुत्र स्व. श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कालोनी पानीपत ने एक वारसान प्रमाण पत्र बाबत, वारसान तसदीक के लिए एक दरखास्त इस कार्यालय में पेश की हैं। जिसमें बताया गया हैं कि श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम निवास गर्ग निवासी मकान न. 38-बी, भाटिया कालोनी पानीपत का देहान्त दिनांक 10/07/2025 को हो चुका हैं व उनकी मृत्यु के बाद उनके निम्नलिखित वारिश हैं। 1.सुचित्रा गर्ग, विधवा, 2453 0740 3005, 2. अक्ष गर्ग,पुत्र 2630 2341 8664, 3. आस्था गुप्ता पुत्री 3416 8991 4182, 4.संतोष रानी माता 4608 2309 4764 और मृत्यक नरेन्द्र कुमार के नाम निम्नलिखित चल व अचल सम्पति हैं। (ए) मकान न० 38, 200 वर्गगज स्थित भाटिया कालोनी, पानीपत वसीका नम्बर 8896 दिनांक 18.01.2019 एस. आर. पानीपत व इंतकाल नम्बर 39662 (कोड डिग्री) की रूह से (बी) विला नम्बर सी-IV/35, प्लाट नम्बर सी/24, स्थित सैक्टर-40, एल्डिगों इस्टेट पानीपत वसीका नम्बर 8902 दिनांक 18.01.2019 एस. आर. पानीपत की रूह से (सी) कृषि भूमि रकबा 6 मरले 3 सरसाई स्थित गांव आसन कलां तहसील व जिला पानीपत वसीका नम्बर 2601 दिनांक 21.06.2011 एस. आर. पानीपत की रूह से (डी) एक मोटरसाईकिल होण्डा साईन रजि० HR06AA6113 (इ) एक कार मारूति ब्रेजा रजि. HR06BC6740 व श्री नरेन्द्र कुमार की मृत्यु के बाद उपरोक्त सभी चल व अचल जायदाद उनके उपरोक्त वारिसों की हैं। उपरोत वारिशों के इलावा स्व. श्री नरेन्द्र कुमार का कोई अन्य वारिश नहीं हैं जिसके बाबत प्रार्थी ने शपथपत्र भी पेश किया हुआ हैं, इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सभी को सुचित किया जाता हैं कि उपरोक्त मृत्यक के बताये गये वारिशों व जायदाद बाबत कोई शक व एतराज हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपति पेश कर सकते है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वारिश की तसदीक बाबत वारसान पत्र जारी कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तयार आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया हैं।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**सुरक्षा** वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखें,गाड़ी चलाते समय इंडिकेटर को भी ऑन रखें

धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टिव टेप बहुत ही कारगर साबित होती है

# ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप, वाहन चालकों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत यातायात पुलिस ने धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत है। यातायात पुलिस ने जीटी रोड पर 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया। ट्रैफिक थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम होगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। धुंध के मौसम में रिफ्लेक्टिव टेप बहुत ही कारगर साबित होती है।




■ कोहरे के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें

**पानीपत।** जीटी रोड पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाती ट्रैफिक पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

इसके अलावा वाहनों के बीच उचित दूरी बनाए रखें,गाड़ी चलाते समय इंडिकेटर को भी ऑन रखें, कोहरे के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें, विजिबिलिटी कम हो तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट का उपयोग करें,विजिबिलिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक़ पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं, धुंध के दौरान गाडियों की गति सीमा नियंत्रित रखें, मोबाइल फोन, म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें,घना कोहरा होने पर सुरक्षित स्थान पर वाहन को रोककर धुंध कम होने तक प्रतीक्षा करें, बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें आदि नियमों का पालन करें।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

## प्रस्तुति कौशल को मजबूत करती हैं प्रतियोगिताएं

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में बीकॉम फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों के लिए केसलेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच और प्रस्तुति कौशल को मजबूत करती है। उन्होंने प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना की और उन्हें निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि केसलेट आधारित प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों से जोड़ती हैं। कार्यक्रम का संचालन क्लास मेंटर आंचल बत्तरा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अक्षा प्रथम, काजल और हिमांशी संयुक्त रूप से द्वितीय, तृतीय रजत व निशा रहे। जबकि साधना और सलोनी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इधर, प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व डॉ.सुनित शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरेपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज विदेशी रिश्तेदार बताकर धोखाधड़ी से बड़ी रकम हड़पने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। जनसुआ के ऋषि पाल ने 4 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 दिसंबर 2024 को गांव जनसुआ में आरोपी ने विदेश रिश्तेदार बताकर उससे धोखाधड़ी से 2 लाख रूपये हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चाकू की नोक पर फोन छीनने का आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी हर्षदीप उर्फ हन्नी को गिरफ्तार किया है। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले रिजाउल शेख ने 16 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 दिसंबर 2025 को रंगिया मंडी के पास से आरोपी ने चाकू की नोक पर उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी कमलजीत उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। कालपी के मनप्रीत सिंह ने 20 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2024 के दौरान आरोपी कमलजीत सिंह व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने व जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### फिरोती मांगने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज जान से मारने की धमकी देने व फिरौती की मांग करने के मामले में पुलिस ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी गौतम व अनुज को गिरफ्तार किया है। बलदेव नगर के विजय कुमार ने 16 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 दिसंबर को आरोपी अनुज व गौतम ने उसे जान से मारने की धमकी देकर उससे 25 हजार फिरौती मांगने का आपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुलाना थाने में वकील से बर्बरता: डीजीपी से बार कमेटी ने की मुलाकात

# तीन अधिकारियों पर गिरी गाज दो सस्पेंड और एक लाइनहाजिर

**एसपी बोले-थाने में वकील से हुई बर्बरता, डीजीपी बोले अपने विवेक से कार्रवाई करे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

डिस्टिक बार एसोसिएशन के एडवोकेट रितेश से बर्बरता करने वाले तीन पुलिस अधिकारियों पर गाज गिर गई है। एएसआई प्रेमपाल व ईएएसआई सतपाल को सस्पेंड किया गया है जबकि एएसआई मनजीत सिंह को लाइनहाजिर कर दिया गया है। एसपी के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। उधर एडवोकेट रितेश के खिलाफ हुई बर्बरता के विरोध में तीसरे दिन भी डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा। बुधवार को भी कोई वकील किसी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। बर्बरता करने वाले तीनों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने व सेवा से बर्खास्त करवाने को लेकर बुधवार को वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात की। डीजीपी ने मामले में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

### जारी रहेगी हड़ताल

एडवोकेट रितेश के खिलाफ मुलाना थाने में हुई बर्बरता को लेकर वीरवार को भी अदालतों में कामकाज ठप रहेगा। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन ने वीरवार को भी वर्क सस्पेंड रखने का ऐलान किया है। पिछले तीन दिनों से सभी अदालतों में कामकाज पूरी तरह से ठप है। बुधवार को अदालत में कोई भी वकील पेश नहीं हुआ। एसोसिएशन की सख्ती का असर साफ नजर आया। एडवोकेट रितेश के खिलाफ मुलाना थाने में हुई बर्बरता को लेकर वीरवार को भी अदालतों में कामकाज ठप रहेगा। इसी वजह से तमाम केसों में अदालतों को सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। एसोसिएशन ने साफ कहा कि जब तक निलंबित व लाइनहाजिर किए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होता तब तक अदालतों में कामकाज ठप रहेगा।



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते बार प्रेजिडेंट सतपाल सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एसपी बोले-बर्बरता हुई

बुधवार को एडवोकेट रितेश के साथ मुलाना थाने में हुई बर्बरता की शिकायत लेकर डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की ओर से गठित कमेटी प्रेजिडेंट सतपाल सिंह की अगुवाई में डीजीपी ओपी सिंह से मिली। कमेटी में पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन, एडवोकेट बीएस जसपाल, एडवोकेट इंद्रजीत सिंह गिल, एडवोकेट संजीव वशिष्ठ, एडवोकेट सुशांत शर्मा, एडवोकेट संजीव यादव व एडवोकेट विकास शर्मा शामिल रहे। मुलाकात के दौरान डीजीपी ने वीसी के जरिए एसपी अजीत सिंह शेखावत से मामले की जानकारी ली। तब एसपी ने डीजीपी से एडवोकेट रितेश के साथ बर्बरता होने की बात कही। कमेटी में शामिल वकीलों ने डीजीपी से इस मामले में ऐसी कार्रवाई करने का आग्रह किया ताकि भविष्य में किसी वकील के साथ ऐसी बर्बरता न हो।

### वकीलों में जबरदस्त रोष

मुलाना थाने में एडवोकेट रितेश के साथ हुई बर्बरता को लेकर हर वकील बेहद रोषित है। ज्यादातर वकीलों का कहना है कि अगर इस मामले में पुलिस दोषी पाए गए पुलिस अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती तो यह बेहद शर्म की बात होगी। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट इकबाल सिंह ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। इस मामले में अब वकीलों को एकजुटता दिखानी होगी। डटकर पुलिस की बर्बरता का विरोध नहीं करेंगे तो आने वाले समय में पुलिस के हौसले बुलंद होंगे। एडवोकेट तेजपाल शर्मा ने कहा कि वकीलों के प्रति पुलिस का ऐसा रवैया बेहद घिनोना है। ऐसे पुलिस अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई दोबारा ऐसी हरकत न कर सके।

### सख्ती का दिखा असर

वर्क सस्पेंड के दौरान बुधवार को बार की सख्ती का असर सभी वकीलों पर दिखा। कोई भी वकील वर्क सस्पेंड के दौरान अदालत परिसर में कोई भी वकील दाखिल नहीं हुआ। बार की ओर से केवल उन लोगों को जाने की इजाजत दी गई थी जिनकी पेशी थी। मंगलवार को बार ने उन वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया था जोकि वर्क सस्पेंड के दौरान बहाने लगाकर अदालत में पेश हो रहे थे। कार्रवाई के डर से कोई वकील अदालत में पेश नहीं हुआ। नियम तोड़ने वाले वकीलों के खिलाफ पूर्व प्रेजिडेंट इकबाल सिंह ने पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा की व्यवस्था लागू करने की बात भी कही थी।

## जनहित में कल्याणकारी योजनाएं चला रही रेडक्रॉस सोसायटी: सैनी



शहजादपुर। छात्रों को संबोधित करते मनोज सैनी। फोटो :हरिभूमि

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को गतिविधियों से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल शहजादपुर माजरा में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को मानव सेवा, सामाजिक दायित्व और प्राथमिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशन में जिला रेड क्रॉस सोसायटी मानव हित में विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां निरंतर चला रही है। उन्होंने बताया कि जिला रेड क्रॉस समिति की सचिव विजयलक्ष्मी के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम, बेघर व्यक्तियों के लिए आश्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, वॉकर बैसाखी फ्री उपलब्ध करवाई जाती हैं।

### अभियान जारी

कहा कि रेडक्रॉस द्वारा स्कूलों में फस्ट एड बॉक्स और वाटर कैंपर उपलब्ध करवाए जाते हैं। बुजुर्गों के सम्मान, जरूरतमंदों व बीमार व्यक्तियों की सहायता, पौधारोपण और नशे के विरोध में जागरूकता अभियान भी नियमित रूप से चलाए जाते हैं। सिविल अस्पताल से आई काउंसलर सिमरन ने विद्यार्थियों को खुशहाल जीवन के चार स्तंभ— अपनी क्षमता की पहचान, समस्या का समाधान, जीवन का उद्देश्य तथा परिवार एवं समाज में योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। अंशिका ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा एचआईवी के शरीर पर पडने वाले दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग से आए सुमित पाली ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, सोचने के नजरिए और संज्ञानात्मक व्यवहार थैरेपी के महत्व पर संदेश दिया। सीनियर प्राथमिक सहायता लेक्चरर किरण आंगरा ने प्राथमिक सहायता विषय पर विस्तृत जानकारी दी। सीपीआर का प्रेक्टिकल प्रदर्शन कर यह बताया कि सांस और धडकन रुकने की स्थिति में भी समय पर सही प्राथमिक सहायता देकर किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

## हरिद्वार से लापता छात्र अंबाला में मिले, परिजनों को सौंपा

- पढ़ाई में मन न लगने के कारण बिना बताए चारों घर से निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र से मदरसे में पढ़ने वाले चार किशोर छात्रों को अंबाला कैंट से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मंगलवार शाम को एक साथ चार छात्रों के गायब होने की सूचना मिलने पर परिजन बेहद परेशान हो गए थे। परिजनों की शिकायत पर पथरी थाना पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही थी कि चारों छात्र ट्रेन के जरिए कहीं बाहर चले गए हैं। पुलिस ने बताया कि शहजाद पुत्र मंजूर, निवासी ग्राम अलावलपुर ने शिकायद दी थी कि उनका 15 वर्षीय पुत्र अपने अन्य दोस्तों के साथ बिना बताए घर से चला गया है। इसी आधार पर थाना पथरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। गहन जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि चारों अलावलपुर स्थित एक मदरसे में एक साथ पढ़ते हैं। पढ़ाई में मन न लगने के कारण बिना बताए ऐथल रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर निकल गए थे। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से लगातार तलाश करते हुए चारों छात्रों को अंबाला कैंट से सकुशल बरामद कर लिया है।

## आरपीएस स्कूल के कृष्ण ने क्लैट परीक्षा में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन हासिल कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हाल ही में घोषित क्लैट के परीक्षा परिणाम में आरपीएस स्कूल के कृष्ण ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक वन हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा पूरे देश में मनवाया। वहीं आरपीएस के पीयुष ने हरियाणा में कैटगरी रैंक वन, रोनक व महक ने हरियाणा कैटगरी रैंक टू, ज्योति चनेजा ने राजस्थान कैटगरी रैंक टू व अक्षिता ने हिमाचल प्रदेश कैटगरी रैंक टू व श्रेयसी व नव्या ने हरियाणा कैटगरी रैंक फोर हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की अमिट छाप छोड़ी। वहीं श्रेयसी कैंबोज ने स्टेट कैटगरी रैंक सेवन, कुसुम ने कैटगरी रैंक ऐट व अंशु ने जनरल स्टेट रैंक टैन हासिल कर अपनी मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित क्लैट परीक्षा को क्वालिफाई कर देश की सूप्रसिद्ध नेशनल लॉ युनिवर्सिटी में अपना स्थान पक्का किया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव व डीप्टी सीईओ कुनाल राव ने ऑल इंडिया टॉपर, स्टेट टॉपर्स व क्वालिफायर्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि अभिभावकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। नीट, आईआईटी व एनडीए के साथ-साथ अब क्लैट में भी विद्यार्थियों को अच्छा रूझान देखने को मिल रहा है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### इनका हुआ चयन

आरपीएस के कृष्ण, आयुष, अक्षय कुमार, अंकिता यादव, अंशु समोठा, आर्या सिंह, चिराग छितोसिया, दक्ष, धीरज जठराणा, दिव्या, हिमांशु, जतिन, कुनाल यादव, कुशुमलता, महक, नमन, नसीब कुमारी, नीतु, निखिल देशवाल, पर्व राव, पिंकी, पूनम, प्रिया, रितिका, रोनक, श्रीयशी, सिमरन, सपंदन, वलिका, वंशिका, आर्यन यादव, पियुष, नव्या, पियुष, लक्ष्य, उषा, प्रार्शी गुप्ता, वैभवी, पायल, तन्नु, श्रेया, आरूशी, हर्ष, जतिन, विशाल, कशिश, भावना, सोनम, वृत्ति, दिव्या, तरूण, गरिमा, ज्योति चनेजा, मानवी, हर्षित आर्य, निमिषा, पूजा, ईशान, यशसवी वर्मा, राधिका यादव, लोकेश, सारिका, निलिसा मील, आर्य विधा, रिया, आयुशी यादव, वंशिका यादव, जिज्ञासा देशवाल, ईशान जैन, याना अमलानी, आर्यन जागलान, छवी अग्रवाल, प्रेरणा यादव, श्रीजा मित्रा, अक्षिता धीमान, काव्या राव, निकिता, सोरव यादव, नैतिक, दिपीका, वैभवी बी पाण्डेय, श्रेया कम्बोज, अंशु, तन्नु और मुश्कान आदि ने सफलता अर्जित कर अभिभावक, शिक्षक व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## हर समय पोर्टल पर लगाए मनमाने प्रतिबंध हटाए पुलिस

- पोर्टल पर एफआईआर देखने में आ रही दिक्कत, प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन, एसपी को तुरंत कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नागरिकों के लिए पुलिस की ओर से कई तरह की सेवाओं के लिया बनाया हरसमय पोर्टल दोबारा सुविधाजनक होगा। खासकर आने वाले दिनों में फिर से ऑनलाइन एफआईआर डाउनलोड करनी आसान होगी। इस मामले को लेकर डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन व इकबाल सिंह ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ डीजीपी ओपी सिंह से पंचकुला में उनके ऑफिस में मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी को एक ज्ञापन भी सौंपा या। ज्ञापन में एडवोकेट रोहित जैन ने हरसमय पोर्टल पर आ रही दिक्कतों का जिक्र डीजीपी के समक्ष किया। ज्ञापन में "हर समय" पोर्टल पर एफआईआर तक सार्वजनिक पहुंच पर मनमाना प्रतिबंध बताते हुए पूर्व व्यवस्था तत्काल बहाल किए जाने हेतु निवेदन किया गया । डीजीपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एसपी साइबर चंद्रमोहन को फिर से पोर्टल को आम जनता के लिए सुविधाजनक बनाने के आदेश दिए। रोहित जैन ने डीजीपी को बताया कि जवाबदेही तथा हरियाणा पुलिस के कार्य-प्रणाली में आम जनता की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, राज्य में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पूर्व में हरियाणा पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल "हर समय" पर अपलोड की जाती थीं। यह व्यवस्था माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत द्वारा यंग बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया बनाम भारत सरकार प्रकरण में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में तथा राज्य स्तर के महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं पुलिस सुधारों का हिस्सा थी।



अंबाला। डीजीपी को सौंपा ज्ञापन दिखाते एडवोकेट रोहित जैन व अन्य।

### जनविश्वास को ही सुदृढ़ किया

जैन ने बताया कि इस परिवर्तन के कारण आम जनता को, विशेष रूप से अपराधपीड़ितों, अधिवक्ताओं, अभियुक्तों, मीडिया कर्मियों, न्यायालयों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा मामलों के पंजीकरण की निगरानी करने वाले पर्यवेक्षण निकायों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जैन ने कहा कि पहले पोर्टल पर ऑनलाइन एफआईआर को देखना व उसे डाउनलोड करना बेहद आसान था। किसी तरह के ओटीपी की जरुरत नहीं पड़ती थी। ओटीपी की अनिवार्यता के लिए दिया जा रहा औचित्य, अर्थात साइबर अपराधों में एफआईआर के कथित दुरुपयोग का तर्क, न तो तर्कसंगत है और न ही तथ्यपरक। इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि देश भर के सभी न्यायालयों में लंबित एवं निस्तारित मामलों की याचिकाएं, आदेश तथा निर्णय बिना किसी ओटीपी की आवश्यकता के ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इस प्रकार की खुली पहुंच ने न्यायिक प्रणाली मेंपारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनविश्वास को ही सुदृढ़ किया है। ज्ञापन के साथ ही वकीलों ने इस मामले में आई सुप्रीमकोर्ट की जजमेंट को भी अटैच किया है। हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन एफआईआर को लेकर आ रही दिक्कत पर डीजीपी ओपी सिंह ने भी गंभीरता दिखाई। उन्होंने डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन व इकबाल सिंह समेत प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी वकीलों को आश्वस्त किया।

## एसआईआर का कार्य 54 फीसदी पूरा मतदाता सूचियों का हो रहा अध्ययन

- केंद्रीय निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार चल रही एसआईआर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

केंद्रीय निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कार्रवाई निरंतर चल रही है। इसमें मतदाताओं के 2002 व 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्य चल रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि इसमें जिला का विशेष गहन पुनरीक्षण (वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मिलान) से संबंधित कुल 54 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। विधानसभा चुनाव क्षेत्र व 12 सितंबर 2024 के अनुसार मतदाता सूचियों का विवरण विस्तार से दिया या है। नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 219 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 243 व महिला मतदाताओं की संख्या 90 हजार 702, थर्ड जेंडर की संख्या 9 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 954 है। इसी प्रकार अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में 214 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 608 व महिला मतदाताओं की संख्या 98 हजार 652, थर्ड जेंडर की संख्या 11 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 06 हजार 271 है। इसी प्रकार अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में 271 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 36 हजार 600 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 25 हजार 579, थर्ड जेंडर की संख्या 20 है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 62 हजार 199 है। इसी प्रकार मुलाना (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र में 264 बूथों के तहत पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 929 व महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 5 हजार 186, थर्ड जेंडर की संख्या 3 है।

## योग से कई बीमारियों से निजात

### छावनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजन

- पदयात्री कृष्णा नायक ने छात्रों के साथ शिक्षकों को दिए योग के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में खेल विभाग की तरफ से योग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। इसके तहत योग को बढ़ावा देने के लिए भारत भ्रमण पर निकले पदयात्री कृष्णा नायक ने अपने अनुभव सांझा किए। कृष्ण नायक पूरे भारत में योग प्रचार के लिए अब तक लगभग 19,000 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने कृष्णा नायक का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। उनके अनुभवों को सुना। खेल प्रभारी डॉ. रवि कांत ने मंच संचालन किया। प्रिंसिपल बाजवा ने कृष्णा नायक का स्वागत करते हुए इस अद्वितीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की। कृष्णा नायक ने कहा कि योग को अपनाने से हम दैनिक जीवन में बहुत सी बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। उन्होंने छात्रों व शिक्षकों को योग के कई महत्वपूर्ण आसन भी सिखाए। कार्यक्रम के अंत में प्रो. गुरविंदर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कृष्णा नायक की पदयात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनके साहस और समर्पण की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रो. नायब सिंह, प्रो. रविंदर, प्रो. धर्मवीर सिंह, प्रो. प्रमिल, प्रो. गायत्री, रवि जुनेजा, सुभाष व बहुत से प्राध्यापक मौजूद रहे।



पदयात्री का अभिनंदन करते प्रिंसिपल देसराज बाजवा व अन्य।


**मंत्री विज बोले-एनओसी का प्रस्ताव रेलवे व हरियाणा रोडवेज को भेजा**

## जीटी रोड के नीचे आधुनिक अंडरपास बनाया जाएगा

**बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के मध्य पैदल आने-जाने की राह अब पहले से सुगम व आसान होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी में आमने-सामने स्थित बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन के मध्य पैदल आने-जाने की राह अब पहले से सुगम व आसान होगी। जीटी रोड के नीचे आधुनिक अंडरपास का निर्माण किया जाएगा जिससे लाखों यात्रियों व स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। मंत्री अनिल विज ने बताया कि नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के मध्य अंडरपास बनाने के लिए नेशनल हाईवे द्वारा योजना तैयार कर ली गई है। चूंकि अंडरपास रेलवे और हरियाणा रोडवेज की सीमा में भी बनना है इसलिए हाईवे द्वारा दोनों विभागों से एनओसी ली जा रही है। इसके मिलते ही जल्द अंडरपास निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।




प्रस्तावित अंडरपास का लेआउट।

### यात्री सुविधा में बड़ा कदम

गौरतलब है कि परिवहन मंत्री अनिल विज ने रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के समक्ष यात्रियों को हो रही असुविधा से केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराते उनसे यहां अंडरपास निर्माण की मांग की थी। इस मांग पर केंद्रीय मंत्री द्वारा नेशनल हाईवे ऑथोरिटी को मामले में योजना तैयार कर अंडरपास निर्माण करने के दिशा-निर्देश दिए गए थे। विज ने बताया कि अंडरपास का निर्माण होना यात्री सुविधा में एक बड़ा कदम होगा। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन उत्तर भारत का व्यस्तम रेलवे स्टेशन है। यहां प्रतिदिन लाखों यात्री ट्रेनों से आवागमन रहता हैं। इसी प्रकार, स्टेशन के ठीक सामने जीटी रोड पर अंबाला छावनी बस स्टैंड पर सैकड़ों बसों से हजारों यात्री आते-जाते हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड दोनों महत्वपूर्ण जंक्शन होने की वजह से रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड आने जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा रहती है। दोनों के बीच व्यस्तम नेशनल हाईवे रोड है।यहां ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए यात्रियों व स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और इसी वजह से अंडरपास उनकी इस समस्या को हल करेगा। अंडरपास बनने से लोग नेशनल हाइवे रोड पर जाए बिना अंडरपास से सीधा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड आ-जा सकेंगे। नेशनल हाइवे द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार अंडरपास बस स्टैंड के जीटी रोड की तरफ आउट गेट के पास बनेगा जोकि जीटी रोड से नीचे से होता हुआ रेलवे एस्केलेटर के पास तक होगा। इसकी लंबाई लगभग 60 मीटर होगी। अंडरपास में लाइट व अन्य सुविधाएं होंगी, साथ ही यहां पर जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो, इसके लिए यहां वॉटर डिस्पोजल के लिए पंप भी लगाए जाएंगे।